बदलते ज़माने का अखबार
पीपुल्स समाचार {04}
इंदौर, सोमवार 21 सितंबर 2015

सायबर क्राइम पर 120वीं कार्यशाला आयोजित

पीसं, इंदौर। पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल द्वारा चलाए जा रहे सायबर क्राइम जागरूकता अभियान के तहत 120वीं कार्यशाला का आयोजन इंदौर मास्टर प्रिंटर्स एसोसिएशन के सदस्यों के लिए किया गया। इसमें 60 सदस्यों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में संस्थान के निदेशक, आईजी वरुण कपूर ने प्रिंटिंग क्षेत्र में कार्य करने वाले व्यक्तियों को सायबर अपराधों की जानकारी दी और इंटरनेट पर काम के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां बताईं। उन्होंने कहा छोटी-सी असावधानी से भी काफी नुकसान हो सकता है। इनसे बचने के लिए जागरूकता जरूरी है। आधुनिक संचार उपकरणों का उपयोग करने वालों को इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी अधिनियम की जानकारी होना आवश्यक है।